बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰ 15/2020 के अंतर्गत अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवारों के साक्षात्कार दिनांक 15.07.2022 को आयोजित किया जायेगा।

2. विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में प्रकाशित सूचना के आलोक में आपत्ति अभ्यावेदनों की प्राप्ति के पश्चात् विभागीय विशेषज्ञों द्वारा किये गये जाँच/समीक्षा के उपरांत अर्हित/औपबंधिक अर्हित एवं अनर्हित किये गये उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

3. अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवारों के एकेडमिक अंक/शिक्षण कौशल की गणना आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password (जो ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था) डालकर देख सकते हैं। तत्पश्चात् यदि किसी अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवारों को अपने एकेडमिक अंक/शिक्षण कौशल के मूल्यांकन की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे आयोग के बेवसाईट पर उपलब्ध निर्धारित प्राप्तांक आपत्ति प्रारूप को भरकर साक्षात्कार के दिन साक्ष्य के रूप में सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की प्रति सहित दावा प्रस्तुत करेंगे। प्राप्तांक गणना के सम्बन्ध में दावा प्रस्तुत नहीं करने पर पुनः किसी प्रकार का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

4. अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवार साक्षात्कार के दिन अपनी अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (यथा– शैक्षिक योग्यता, Ph.D Guidance, SCI Journals की कॉपी, अनुभव प्रमाण पत्र आदि) लाना सुनिश्चित करेंगे।

5. साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से किसी उम्मीदवार की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। उम्मीदवारों की अर्हता साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु समर्पित प्रमाण पत्रों की सम्यक् जाँचोपरान्त यथासमय अंतिम निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र रहेगा।

13.6.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना